## आकाशवाणी गोरखपुर
## प्रादेशिक समाचार

दिनांक–**01 जून** 2026 **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'आकाशवाणी' से 'मन की बात' कार्यक्रम में देशवासियों से भीषण गर्मी के दौरान अत्यधिक सावधानी बरतने की अपील की। सरकार के अलग–अलग विभागों द्वारा जारी दिशा–निर्देशों का पालन करने पर दिया जोर।
- 'मन की बात' कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने प्रदेश के दशहरी और लंगड़ा आम की किस्मों सहित गंगा डॉल्फिन बचाव अभियान की भी चर्चा की। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री का जताया आभार।
- मुख्यमंत्री ने नागरिक सुरक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा कर अधिकारियों को दिये आवश्यक निर्देश। कहा–आधुनिक आवश्यकताओं के अनुरूप हो स्वयंसेवकों का प्रशिक्षण।
- प्रदेश के स्थायी पुलिस महानिदेशक बने वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी राजीव कृष्ण।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल 'आकाशवाणी' से 'मन की बात' कार्यक्रम की 134वीं कड़ी में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा किए। इस दौरान श्री मोदी ने विभिन्न मुद्दों पर अपने विचार रखे। प्रधानमंत्री ने देशवासियों से भीषण गर्मी के मौजूदा मौसम के दौरान अत्यधिक सावधानी बरतने और सरकारी दिशा–निर्देशों का पालन करने की अपील की।

**इस समय देश के ज्यादातर हिस्सों में बहुत गर्मी पड़ रही है। तेज धूप, गर्म हवाएँ, ऐसे मौसम में अपना ध्यान रखना बहुत जरूरी है। पानी पीते रहिए। धूप में अगर निकलना ही पड़े तो थोड़ा संभल कर निकलें। इस दिशा में सरकार की भिन्न–भिन्न डिपार्टमेंट्स ने जो गाइडलाइन्स जारी की हैं वो भी भूलियेगा नहीं।**

प्रधानमंत्री ने काशी के लंगड़ा, महाराष्ट्र के अल्फाजो, गुजरात के केसर और पश्चिम बंगाल के हिमसागर आम की चर्चा करते हुए कहा कि हर क्षेत्र के आम का स्वाद अनूठा और उसकी महक अनोखी होती है।

**महाराष्ट्र और कोंकण का हापुस, अल्फांसो, गुजरात का केसर, यह तो आमरस की जान है। उत्तर प्रदेश का दशहरी और मेरी काशी का लंगड़ा, बिहार का जर्दालू, चौसा, मालदा, हर नाम के साथ लोगों की यादें जुड़ी हुई हैं। दक्षिण भारत जाइए, तो बंगन पल्ली, तोतापुरी, नीलम, मलगोवा, बंगाल का हिम सागर, ओडिशा और आंध्रप्रदेश का सुवर्ण रेखा यानी, जगह बदलती है, आम का रूप–रंग और उसका स्वाद भी बदल जाता है।**

श्री मोदी ने कहा कि भारतीय आम ने वैश्विक बाजार तक पहुंच बनाई है और आम हमारी कृषि अर्थव्यवस्था के लिए बहुत महत्वपूर्ण है।

'मन की बात' कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने उत्तर प्रदेश में एक नहर में गंगा डॉल्फिन को बचाने वाले वीडियो का भी उल्लेख किया। श्री मोदी ने कहा कि गंगा डॉल्फिन संरक्षण से नदी की जैव विविधता और अमूल्य प्राकृतिक धरोहर का संरक्षण भी होता है। उन्होंने बताया कि नमामि गंगे अभियान के तहत बनाई गई भारत की पहली 'गंगा डॉल्फिन बचाव एम्बुलेंस' ने इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

**ये डॉल्फिन रेस्क्यू एम्बुलेंस बहुत खास है। इसे एक चलते–फिरते अस्पताल की तरह तैयार किया गया है। इसमें डॉल्फिन को सुरक्षित रखने की व्यवस्था है। आक्सीजन की सुविधा है, विशेष स्ट्रेचर हैं, बचाव के उपकरण हैं, यानि अगर कोई डॉल्फिन, घायल हो जाए, नहर में फंस जाए या नदी से कट जाए, तो तुरंत उसकी मदद की जा सकती है।**

प्रधानमंत्री ने उत्तर प्रदेश के बस्ती जिले के आकाश गुप्ता का भी जिक्र किया जिन्होंने अपने दोस्तों के साथ मिलकर गाँव की मनोरमा नदी को साफ किया है। श्री मोदी ने देशवासियों से अपील की कि वे अपने आसपास समाज की बेहतरी के लिए लगातार काम कर रहे लोगों को पहचानें और स्वयं भी अच्छे कार्यों से जुड़ें।

**बस्ती के आकाश गुप्ता अपने गांव की मनोरमा नदी को देखकर बहुत दुखी होते थे। श्रीमान आकाश ने तय किया कि शिकायत नहीं करेंगे, एक नई शुरुआत करेंगे। उन्होंने अपने दोस्तों को साथ लिया सिर्फ जाल था, फावड़ा था, टोकरी थी और सबसे बड़ी ताकत थी, कुछ बदलने का संकल्प। यह युवा, नदी में उतरते थे जलकुंभी निकलते थे। धीरे–धीरे मनोरमा नदी का वह हिस्सा फिर से साफ दिखने लगा, आसपास के लोगों का ध्यान भी इस काम की तरफ गया। लोगों में स्वच्छता को लेकर जागरूकता बढी।**

आकाश गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा मन की बात में नाम लिए जाने से और बेहतर कार्य करने की प्रेरणा मिली है।

**आसपास के जितने भी गांव के लोग हैं, नदी के पास जितने भी गांव हैं, हम चाहेंगे सब युवा हमसे जुड़े और इस काम को एक अभियान बनाएं जिससे कि नदी पूरा साफ हो सके क्योंकि हम पांच से छह लोग, सात लोग नदी को पूरा साफ नहीं कर सकते कर सकते जब तक कि सब लोग एक साथ ना जुड़े।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'मन की बात' कार्यक्रम में गंगा डॉल्फिन बचाव और बस्ती के आकाश गुप्ता का उल्लेख किए जाने पर एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिये प्रधानमंत्री के प्रति आभार जताया है।

**********

म्यांमार के राष्ट्रपति मिन आंग ह्लाइंग ने कल गौतम बुद्ध नगर में एनटीपीसी लिमिटेड की अनुसंधान एवं विकास इकाई– एनटीपीसी एनर्जी टेक्नोलॉजी रिसर्च अलायंस का दौरा किया। उनके साथ म्यांमार का मंत्रिस्तरीय प्रतिनिधि मंडल भी मौजूद रहा।

**********

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सीबीएसई ने बारहवीं कक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन में ऑनमार्क पोर्टल की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए साइबर सुरक्षा विशेषज्ञों की एक टीम तैनात की है। बोर्ड ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि वह अपने सेवा प्रदाता के ऑनमार्क पोर्टल में पाई गई खामियों पर कड़ी निगरानी रख रहा है, जिन्हें हाल ही में सार्वजनिक रूप से उजागर किया गया था।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ में नागरिक सुरक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। एक रिपोर्ट

**मुख्यमंत्री ने कहा कि नागरिक सुरक्षा विभाग को जनसुरक्षा और आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में मजबूत, आधुनिक और सक्षम संस्था के रूप में विकसित किया जाए। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में नागरिक सुरक्षा की भूमिका केवल युद्धकालीन परिस्थितियों तक सीमित नहीं है, बल्कि आपदा प्रबंधन, राहत एवं बचाव, जनजागरूकता, सामुदायिक सहभागिता तथा आपात परिस्थितियों में त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने में भी इसकी महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि राहत एवं बचाव, अग्निशमन, प्राथमिक चिकित्सा, खोज एवं बचाव तथा आपदा प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में विभाग की क्षमताओं को और मजबूत किया जाए। स्वयंसेवकों का प्रशिक्षण आधुनिक आवश्यकताओं के अनुरूप किया जाए। समाचार कक्ष से विवेक सिंह**

उधर, उत्तर प्रदेश होम गार्ड्स विभाग की एक अन्य बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि होम गार्ड्स संगठन प्रदेश की आन्तरिक सुरक्षा, कानून–व्यवस्था, आपदा प्रबन्धन तथा जनसेवा का महत्वपूर्ण स्तम्भ है। बदलते समय और नई चुनौतियों के अनुरुप इस संगठन को अधिक सक्षम, प्रशिक्षित, तकनीक रूप से दक्ष और आधुनिक बनाया जाना चाहिए।

**********

1991 बैच के वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी राजीव कृष्ण को राज्य का स्थायी पुलिस महानिदेशक बना दिया गया है। श्री राजीव कृष्ण अभी तक कार्यवाहक डीजीपी के तौर पर कार्य कर रहे थे। संघ लोक सेवा आयोग से मंजूरी मिलने के बाद गृह विभाग ने श्री कृष्ण की नियुक्ति का आदेश जारी कर दिया । वह जून 2029 तक इस पद पर बने रहेंगे।

**********

मौसम विभाग ने आज भी प्रदेश में कहीं कहीं बारिश और गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना जतायी है। विभाग द्वारा कहीं कहीं बिजली गिरने और तेज झोंकेदार हवा चलने का येलो अलर्ट भी जारी किया गया है। इस बीच, मुख्यमंत्री ने प्रदेश के कई जिलों में तूफान, बारिश, ओले गिरने और बिजली गिरने की घटनाओं के पीड़ितों के त्वरित सहायता के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार स्थिति पर बारीकी से नजर रख रही है और नागरिकों की सुरक्षा उसकी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

**********